कार्यालय कुलसचिव,
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र).

राजा पंचम सिंह मार्ग, आकाशवाणी के पास, ग्वालियर (म.प्र) 474002

कुलसचिव

Ph- : 0751–2970519 (O)
E-mail- registrar@rvskvv.net

क्र. / कु.स. / प्रशा.. / 2024–25 / 3058 दिनांकः 01/01/2025

अधिसूचना

विश्वविद्यालय प्रमंडल की 54वीं बैठक दिनांक 11.12.2024 के अतिरिक्त पद क्रमांक 02 में लिये गये निर्णय विश्वविद्यालयीन भर्ती परीक्षाओं के लिए एक भाषीय / द्विभाषी प्रश्न पत्र तैयार करने, मोडरेशन, मूल्यांकन, आपत्तियों के निराकरण एवं विश्वविद्यालयीन शैक्षणिक परीक्षाओं हेतु प्रश्नबैंक तैयार किये जाने हेतु निम्नानुसार मानदेय निर्धारित किये जाने का प्रमंडल द्वारा अनुमोदन किया गया–

1. भर्ती परीक्षाओं हेतु–

विश्वविद्यालय भर्ती परीक्षाओं हेतु मानदेय

क्र.	भाषा	मानदेय (रुपये / प्रश्न)
01	एक भाषीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न (हिन्दी भाषा)	100
02	एक भाषीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न (अंग्रेजी भाषा)	100
03	द्विभाषी वस्तुनिष्ठ प्रश्न (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा)	200

- वस्तुनिष्ठ प्रश्न मूल प्रकृति के होने आवश्यक है, उन्हें इंटरनेट तथा अमानक पुस्तकें आदि से नहीं लिया जाना चाहिए।
- एक विशेषज्ञ से अधिकतम 25 प्रश्न ही प्राप्त किये जाएंगे।
- प्रति प्रश्न पत्र प्रति विषय न्यूनतम तीन गुना तथा अधिकतम पांच गुना प्रश्न प्राप्त किये जाएंगे। इसी अनुसार प्रश्न पत्र विशेषज्ञों की संख्या का निर्धारण किया जाएगा।
- प्रत्येक विशेषज्ञ से गोपनीयता के पालन के साथ–साथ प्रश्नों के संबंध में शपथ पत्र / घोषणा पत्र लिया जाएगा।
- प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर हेतु संबंधित प्रमाण अभिलेख सहित लिये जायें। इसके लिए प्रति विशेषज्ञ प्रति प्रश्न पत्र एक मुश्त राशि रुपये 250 अतिरिक्त दिये जाएंगे।

मोडरेशन हेतु मानदेय

प्रश्नपत्रों के मॉडरेशन हेतु वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के समान ही मानदेय रुपये 200 प्रति प्रश्न, जो अधिकतम रुपये 5000 प्रति प्रश्न पत्र / प्रति विषय होगा। इसमें प्रश्नों का मॉडरेशन, उनकी टायपिंग, आवश्यकता होने पर अनुवादन और प्रूफ रीडिंग सम्मिलित है।

मूल्यांकन हेतु मानदेय

ओ.एम.आर. मशीन द्वारा मूल्यांकन होने की दशा में रुपये 10 प्रति उत्तर शीट तथा आ.एम.आर. मशीन द्वारा मूल्यांकन न होने की दशा में मूल्यांकन हेतु विशेषज्ञ का मानदेय रुपये 100 प्रति उत्तर शीट प्रदाय किया जाएगा।

क्रमशः 02

आपत्तियों के निराकरण हेतु मानदेय

प्रश्न पत्र के संबंध में आपत्तियां आने पर तीन अथवा पांच सदस्यों/विशेषज्ञों की समिति द्वारा निराकरण कराया जाता है ऐसी स्थिति में उन्हें विश्वविद्यालय में विभिन्न बैठकों हेतु निर्धारित (वर्तमान में रुपये 3000 प्रति बैठक प्रतिदिन) मानदेय प्रदान किया जाएगा।

2. विश्वविद्यालयीन शैक्षणिक परीक्षाओं हेतु प्रश्नबैंक–

विश्वविद्यालय में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.एचडी. हेतु विभिन्न विषयों के प्रश्न बैंक हेतु मानदेय–

क्र.	भाषा	मानदेय (रुपये/प्रश्न)
01	एक भाषीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न (हिन्दी भाषा)	50
02	एक भाषीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न (अंग्रेजी भाषा)	50
03	द्विभाषी वस्तुनिष्ठ प्रश्न (हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा)	100

- वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के अतिरिक्त, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों हेतु रुपये 25 प्रति प्रश्न मानदेय प्रदाय किया जाएगा।
- प्रश्न मूल प्रकृति के होने आवश्यक है, उन्हें इंटरनेट तथा अमानक पुस्तकें आदि से नहीं लिया जाना चाहिए।
- एक विशेषज्ञ से अधिकतम 50 प्रश्न ही प्राप्त किये जाएंगे।
- प्रश्न टाईप किये होना चाहिए एवं प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर हेतु संबंधित प्रमाण सहित लिया जाए।

(माननीय कुलपतिजी द्वारा अनुमोदित)

कुलसचिव

पृष्ठा. क्र./प्रशा./2024–25/3059 दिनांकः 01/01/2025

प्रतिलिपि – सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. अधिष्ठाता कृषि संकाय, रा.वि.सि.कृ.वि.वि. ग्वालियर।
2. निदेशक अनुसंधान सेवाएं, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
3. निदेशक विस्तार सेवाएं, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
4. निदेशक शिक्षण एवं उपनिदेशक छात्र कल्याण, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
5. अधिष्ठाता, कृषि/उद्यानिकी महाविद्यालय, ग्वालियर, इंदौर, सिहोर, खंडवा, मंदसौर।
6. लेखानियंत्रक, रा.वि.सि.कृ.वि.वि. ग्वालियर।
7. उप कुलसचिव (स्था./शैक्ष.), रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।
8. पोर्टल प्रभारी, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर की ओर वि.वि. पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु।
9. निज सचिव, माननीय कुलपतिजी, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर।

कुलसचिव